सरपंचों ने कार्यकाल बढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया

अजमेर/किशनगढ़, (कासं)। किशनगढ़ उपखंड के सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के किशनगढ़ स्थित आवास एवं कार्यालय पर पहुंचकर आत्मीय मुलाकात की। सरपंचों ने अपने कार्यकाल को आगामी चुनाव तक प्रशासक के रूप में बढ़ाए जाने पर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि सरपंचों के स्नेहपूर्ण आगमन और उत्साहपूर्ण संवाद से मुझे प्रसन्नता हुई है। आत्मीय स्वागत और अभिनंदन का अवसर प्रदान करने के लिए मैं सभी सरपंचों का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। पंचायतीराज से शुरू 'एक देश, एक चुनाव' अभियान के लेकर सरपंचों के साथ संवाद के दौरान केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक देश, एक चुनाव' के विजन को साकार करने की दिशा में पहल की है। पंचायती राज के सभी चुनावों को एक साथ करवाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। सरपंचों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासक कमेटी बनाकर इसे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश चुनाव आयोग की अनुशंसा के आधार पर योजना बनाकर चुनाव कराए जाएंगे।

किशनगढ़ उपखंड के सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (अजमेर सांसद) भागीरथ चौधरी का आभार जताते हुए अभिनंदन किया।

दुष्कर्म मामले में वांछित इनामी आरोपी गिरफ्तार

रूपनगढ़, (निसं)। पुलिस ने शनिवार को सामूहिक दुष्कर्म मामले के इनामी आरोपी युवक को गिरफ्तार किया।

रूपनगढ़ थाना प्रभारी सत्यवान ने बताया कि परिवादी पिता ने उक्त आरोपी सहित अन्य पर उसकी पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला रूपनगढ़ थाने में दर्ज कराया था। पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। मुकदमा दर्ज होने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर और अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अजमेर के निर्देशन में एक पुलिस टीम गठित की गई। आरोपी मोनू उर्फ गोनू उर्फ गोविंद पाराशर पुत्र शिवरतन पाराशर निवासी ग्राम रूपनगढ़ जिला अजमेर घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक ने पांच हजार का इनाम घोषित किया।

उक्त आरोपी की तलाश के लिए पुलिस ने नागौर, जैसलमेर, जोधपुर, अजमेर, पुष्कर समेत अनेक स्थानों पर लगातार छापेमारी की तथा सैकड़ों सीसीटीवी की मदद ली। आरोपी ढाई महीने तक पुलिस की गिरफ्त से दूर रहा जिसे शनिवार को रूपनगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

नागौर में स्वामित्व योजना में पट्टे पाकर खिल उठे चेहरे

नागौर, (नि.सं.)। केन्द्र सरकार की स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टे/ पॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम शनिवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल एवं जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के मुख्य आतिथ्य में जिला परिषद सभागार में आयोजित किया गया जिसमें पात्र जनों को स्वामित्व योजना के पट्टो का वितरण किया गया।

जिले की विभिन्न पंचायत समितियों के लाभार्थियों को जिला प्रभारी मंत्री चौधरी ने पट्टों का वितरण कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आव्हान किया। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने मिलकर स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण लोगों के वर्षों पुरानी समस्या का निराकरण करते हुए अपनी संपत्ति का मालिकाना हक प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि देशभर में जितने भी गांव है उनमें से आधे से अधिक में सर्वे कार्य पूरा किया जा चुका है। पुस्तैनी मकान हो या अपना नया आशियाना सबको पट्टा मिला है अब इस पट्टे से किसी भी बैंक से ऋण प्राप्त कर अपना व्यवसाय किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के कारण गांवों में संपत्ति के बंटवारे एवं आपसी विवाद समाप्त हुए है गांवों में भाईचारा बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि पंचायतों को अधिकार मिलने के साथ आमजन को मालिकाना हे मिलने से सामाजिक रूप से भी परिवर्तन आया है।

जिला प्रभारी मंत्री ने उपस्थित लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अब वे पट्टे को साधारण कागज नहीं माने यह आनेवाली पीढियों तक के लिए धराहर है। इससे कभी भी व्यावसाय कार्य या खेती-बाडी के लिए आवश्यक होने पर ऋण लिया जा सकेगा।

उन्होंने जिले में इस योजना के तहत सभी पात्रजनों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम में जिले के 51 नागरिकों को पट्टा वितरण कर प्रभारी मंत्री ने अभियान में पट्टा वितरण का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात चौधरी ने मीडिया से संवाद भी किया।

नागौर जिले में 6763 प्रोपर्टी पार्सल

जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि नागौर जिले में स्वामित्व योजनान्तर्गत 6763 पट्टे / प्रोपर्टी पार्सल वितरण किया गया।

अब योजना अन्तर्गत आबादी भूमि के सर्वे होने के बाद निरन्तर प्रोपर्टी पार्सल का वितरण किया जाएगा।

खींवसर विधायक रेवन्तराम डांगा, मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू , जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामनिवास सांखला, उपजिला प्रमुख शोभाराम ,जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश सैन, मनीष चौधरी, भीखाराम बापोडिया, मूलाराम, मेड़ता प्रधान संदीप चौधरी, जनप्रतिनिधि, जिलास्तरीय अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

अजमेर डेयरी का अभियान, केकड़ी में 21 सैंपल फैल

अजमेर डेयरी के विपणन विभाग व गुण नियंत्रण विभाग के संयुक्त प्रयास से केकड़ी में खुला दूध गुणवत्ता जांच शिविर का आयोजन किया।

अजमेर, (कासं)। आर.सी.डी.एफ. जयपुर लिमिटेड जयपुर के आदेशानुसार एवं अजमेर डेयरी द्वारा संघ के विपणन विभाग व गुण नियंत्रण विभाग के संयुक्त प्रयास से छाया मिल्क पार्लर प्रो. दीपक जैन जयपुर रोड, केकडी में खुला दूध गुणवत्ता जांच शिविर का आयोजन किया गया, जहां 21 सैम्पल फैल पाये गए।

आम उपभोक्ताओं एवं दूधियों से प्राप्त हुए कुल 54 खुले दूध के सैम्पलों में से 21 दूध सैम्पल निम्न स्तर के पाए गए। सभी निम्न स्तर के सैम्पलों में पानी की मिलावट पाई गई।

प्रबंध संचालक रामलाल चौधरी न बताया कि अजमेर जिले भर में चलाए जा रहा है 'दूध का दूध पानी का पानी' खुला दूध गुणवत्ता जांच अभियान से अजमेर जिले के दूधियों में हडकम्प मच गया है।

इससे कई खुले दूध बिक्री करने वाले दूधियों में भय की स्थिति पैदा हो गई एवं इस क्षेत्र में शुक्रवार को केनों व टंकियो द्वारा खुला दूध की बिक्री करने वालों के सेम्पल लिये गये।

इससे आम तौर पर यह पाया गया कि दूधियों द्वारा निचली बस्ती व आम उपभोक्ता के बजट व पॉकेट के अनुसार 30,40,50 एवं 60 रूपए प्रतिलीटर के हिसाब से शुद्ध दूध में अनुपात अनुसार पानी की मिलावट कर दूधियों द्वारा धड़ल्ले से बेखौफ होकर मनमाने दामों पर उपभोक्ताओं को मिलावटी दूध बेचा जा रहा है तथा उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है।

अत: जिले में खुले दूध में हो रही मिलावट की गतिविधियों को नियन्त्रित करने व मिलावट खोरो पर शिकंजा कस कर लगाम लगाने के लिए प्रभारी विपणन लादूराम चौधरी द्वारा गुणवत्ता जांच टीम का गठन किया गया है। उनके निर्देशानुसार उक्त अभियान को सफल बनाये जाने में मुकेश पडौदा (नोडल अधिकारी) देवराज (गुण नियंत्रण टैक्निशियन) व विपणन विभाग से श्वेता व्यास, सुमित कागंवा, राजेन्द्र चौधरी, सुरेश चौधरी व कैलाश गुर्जर द्वारा अभियान को अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही उपभोक्ताओं को खुले दूध के स्थान पर पाश्चुरिकृत दूध का सेवन करने हेतु प्रेरित करने व खुले दूध में हो रही मिलावट व उसके सेवन से हो रही स्वास्थ्य सम्बन्धी बीमारियों के अवगत करवा कर जागरूक किया जा रहा है। अगला शिविर सोमवार को गोपाल टी स्टाल, वराह घाट, पुष्कर में आयोजित किया जा रहा है।

छेड़छाड़ के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज

अजमेर/ मसूदा, (कासं)। मसूदा थाना क्षेत्र में दो नाबालिग बहनों के साथ छेड़छाड़ करने वाले की विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो संख्या-1 अजमेर के न्यायाधीश ने आरोपी भगवान दास वैष्णव पुत्र राधेश्याम वैष्णव निवासी शेरगढ़ मसूदा ब्यावर का जमानत प्रार्थना पत्र परिवादी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होकर जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो संख्या-1 अजमेर ने आरोपी भगवान दास वैष्णव पुत्र राधेश्याम वैष्णव निवासी शेरगढ़ मसूदा जिला अजमेर का जमानत प्रार्थना पत्र को परिवादी के अधिवक्ता रविंद्र चौहान सिवासिया, मुकेश कुमार टांक, भारत कुमार व मुकेश चौधरी व योगेश दायमा के तर्कों से सहमत होकर जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। आरोपी की पैरवी अधिवक्ता अजय कुमार वर्मा ने की।

मसूदा पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग दो बहनों के साथ छेडछाड करने वाले आरोपित को मसूदा थाना पुलिस ने गिरफतार न्यायिक अभिरक्षा मे भेज दिया है, लेकिन पीडित परिवार ने आरोप लगाया कि 15 दिन तक पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं किए।

जब डिप्टी सीएम व आईजी का मामला पहुंचा तो पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी शेरगढ निवासी भगवानदास वैष्णव पुत्र राधेश्याम वैष्णव को 13 दिसम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक अभिरक्षा मे भेज दिया गया।

मामले को लेकर पीडिता के परिजन ने 13 दिसम्बर को डिप्टी सीएम दीया कुमारी और अजमेर रेज आईजी ओमप्रकाश को ज्ञापन सौंप कर मामले में पुलिस पर आरोपी को संरक्षण देने के आरोप लगाए थे।

रेलवे मजिस्ट्रेट जोधपुर परिणय जोशी मेड़ता पहुंचे

जोधपुर के रेलवे मजिस्ट्रेट परिणय जोशी ने मेड़ता दौरे के दौरान प्रसिद्ध चारभुजा नाथ मंदिर, मीरा बाई से जुड़े धार्मिक स्थलों के दर्शन किए।

मेड़ता सिटी , (नि.सं.)। जोधपुर के रेलवे मजिस्ट्रेट परिणय जोशी ने शुक्रवार को मेड़ता का दौरा किया। उन्होंने यहाँ प्रसिद्ध चारभुजा नाथ मंदिर और मीरा बाई से जुड़े धार्मिक स्थलों का दर्शन किया। उनके साथ स्पेशल मजिस्ट्रेट स्कॉर्ट और रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

परिणय जोशी ने चारभुजा नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मीरा स्मारक का अवलोकन किया और मीरा बाई की ऐतिहासिक धरोहरों को नजदीक से देखा। इस दौरान उन्होंने स्थानीय धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा भी की। कार्यक्रम में स्पेशल मजिस्ट्रेट स्कॉर्ट सीटीआई शेर सिंह पंवार, राजेश शर्मा, कोर्ट स्टाफ महेंद्र चौधरी और मनीष काकड़ा शामिल थे। रेलवे सुरक्षा बल प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा, भाजपा मेड़ता शहर मंडल महामंत्री तुलसीराम प्रजापत, जीआरपी एसएच ओलादूराम और एडवोकेट सुभाष वर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। रेलवे मजिस्ट्रेट परिणय जोशी ने मेड़ता के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की सराहना करते हुए इसे संरक्षित करने के प्रयासों की प्रशंसा की। उनके दौरे ने स्थानीय लोगों और प्रशासन के बीच उत्साह का माहौल पैदा किया।

नगर निगम के यूजर्स चार्जेस का विरोध जारी

अजमेर, (कासं)। नगर निगम द्वारा व्यापारियों से वसूले जाने वाले यूजर्स चार्जेस को लेकर बाजारों में व्यापारिक संगठनों का निरंतर विरोध प्रदर्शन जारी है। शनिवार को श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के नेतृत्व में पुलिस लाइन, लोहा खान, शास्त्री नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के व्यापारिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने पुलिस लाइन चौराहे पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। निगम व सरकार से यूजर्स चार्जेस के आदेश वापस लेने की मांग की। पुलिस लाइन व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष रणवीर सैनी ने बताया कि श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल च महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस लाईन्स चौराहे पर पदाधिकारियों और व्यापारियों द्वारा नगर निगम के यूजर्स चार्जेस के विरोध में प्रदर्शन कर रोष प्रकट किया गया और यूजर्स चार्जेस के आदेश को तुरन्त प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई।

दीक्षा महोत्सव आज

आसींद, (निसं)। जैन दिवाकरीय मालव सिंहनी पूज्या गुरुणी कमलावती म.सा.की सुशिष्या दक्षिण चंद्रिका महासाध्वी डॉ. संयमलता म.सा. ने महावीर भवन में धर्मसभा को संबोधित किया। 19 जनवरी को प्रात: 9 बजे तप त्याग के साथ साध्वी डॉ. कमल प्रज्ञा का 17 वा दीक्षा महोत्सव होगा।

महासती ने कहा कि आसींद संघ में पिछले चार वर्षों से लगातार हर रविवार को नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप चल रहा है जो अनुमोदनीय है। महासती ने कहा कि सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन, सम्यक चरित्र जैसा सद्गुण जहां से भी मिले वहां पर चले जाना चाहिए।

गणेश मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

मेड़ता सिटी, (निसं)। संत लिखमीदास छात्रावास परिसर मेड़ता में भामाशाह बाबूलाल गणेश चौहान की ओर से अपने माता पिता स्मृतिशेष शंकरलाल चुका देवी की याद में भगवान श्री गणेश जी महाराज के नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा शनिवार से शनि धाम के महंत अशोक नाथ महाराज के सानिध्य में शुरु हुई।

इस मौके पर पंडित मनोज कुमार शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडितो ने बाबूलाल चौहान, राजेंद्र चौहान, प्रकाश चौहान, कृष्ण गोपाल चौहान, विजयराज सांखला आदि ने सपत्नीक पूजा अर्चना की और यज्ञ में आहुतियां दी। आज प्रथम दिन गणेश जी महाराज की मूर्ति की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

रविवार को सुबह सवा 7 बजे कलश यात्रा निकलेगी और सवा 8 बजे हवन का आयोजन होगा। सवा दस बजे मंदिर और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी। दोपहर में सवा 12 बजे प्रसादी का आयोजन होगा।

इस मौके पर मेड़ता माली समाज अध्यक्ष जबरचंद भाटी, रमजीराम गहलोत, कुनाराम भाटी, शिक्षाविद मनोहरलाल गहलोत, नाथूराम सांखला, सुमेर गहलोत, अमराराम माली, ज्योतिबा फुले अध्यक्ष भंवरलाल जादम, रामचन्द्र जादम, चम्पालाल जादम, कैलाश भाटी, सुगनाराम चौहान, ठेकेदार नैनाराम गहलोत, मोतीलाल पालड़िया, महिपाल चौहान, एडवोकेट विमलेश व्यास सहित अनेक समाज बंधु व नागरिक मौजूद थे

नवोदय प्रवेश परीक्षा

मसूदा, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा हुई। प्रधानाचार्य खुशबू वर्मा ने बताया कि कक्षा 6 में नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए 235 बच्चों ने भाग लिया।

कार्यालय नगर परिषद पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

क्रमांक - न.प.पु/भूमि/2024/3515 **उजरदारी सूचना** दिनांक : 3.1.2025

एतद्वद्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा नामान्तरण/69-क/90-क/लीज होल्ड/ लीज डीड पट्टे हेतु आवेदन पेश किया है। अत: आवेदक के बख्शीशशुदा/खरीदशुदा सम्पति हक हकूक एवं मालिकाना स्वामित्व संबंधी किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में अपनी आपति मय प्रमाण प्रस्तुत करें। आपति समयावधि बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगी तथा परिषद् द्वारा नियमानुसार नामान्तरण / 69-क/90-क/लीज होल्ड/ लीज डीड पट्टे की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके बाद में कोई आपति / उजर मान्य नहीं होगा। विवरण निम्नानुसार है -

क. सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति	स्थान जहां सम्पति स्थित है	चतुर्थ सीमा	क्षेत्रफल
1.	श्री प्रदीप कुमार आचार्य पुत्र स्व. श्री शिवराम आचार्य	कालों का मोहल्ला, बडी बस्ती पुष्कर	पूर्व: श्री अरिहन्त जैन की सम्पति पश्चिम : श्री शिवप्रकाश सामरिया की सम्पति उत्तर :- चौक दक्षिण: इसी जायदाद का भाग रेखा सामरिया	22.22 वर्गगज

आयुक्त, नगर परिषद पुष्कर

भीलवाड़ा जिले में 24 हजार 571 जने स्वामित्व योजना से लाभान्वित

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को स्वामित्व योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को पट्टे मय स्वामित्व कार्ड वितरण एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण राज्य के प्रत्येक जिले में किया गया। भीलवाड़ा जिले में स्वामित्व योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को पट्टे मय स्वामित्व कार्ड वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम सभागार में राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा के मुख्य आतिथ्य आयोजित हुआ।

जिला स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के स्वामित्व के अधिकार की सोच को साकार करते हुए आज देश के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना के तहत एक साथ बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थियों को उनके आवासों के पट्टों का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने सभा को संबोधित करते हुए बताया की यह योजना संपत्तियों की आर्थिक लाभ प्राप्ति को सुगम बनाने और बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने, संपत्ति संबंधी विवादों को कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों और संपदा कर के बेहतर मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करने तथा व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना बनाने में भी मदद करती है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना को नवीनतम सर्वेक्षण ड्रोन तकनीक के माध्यम से गांवों में बसावट क्षेत्रों में घरों के मालिकों को 'अधिकार पत्र' प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को बढ़ाने के विजन के साथ शुरू किया गया था।इस दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा स्वामित्व योजनान्तर्गत ज़िले के 200 पात्र लाभार्थियों को भौतिक रूप से पट्टा मय प्रॉपर्टी पार्सल का वितरण किया गया। ज़िला कलेक्टर नमित मेहता ने बताया की स्वामित्व योजना के तहत जिले में 24 हजार 571 पात्र लाभार्थियों को उनके आवासों के पट्टों का वितरण कर उन्हें स्वामित्व का महत्वपूर्ण लाभ दिया गया । ज़िला कलेक्टर श्री मेहता ने बताया की इस योजना के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन में बदलाव आएगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वहीं बैंकों से उन्हें ऋण भी आसानी से मिल सकेंगे। कार्यक्रम में योजना की जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से आमजन को दो गयी। कार्यक्रम के अन्त में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चन्द्रभान भाटी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के पश्चात बैरवा ने देश को समृद्ध बनाने को नशा मुक्ति तथा स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई। इस दौरान माननीय उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा , ज़िला कलेक्टर नमित मेहता , भीलवाड़ा जिला प्रमुख श्रीमति बरजी देवी भील , ज़िला परिषद सीईओ चन्द्रभान भाटी , एडीएम (सिटी) प्रतिभा सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, स्वामित्व योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा में स्वामित्व योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को पट्टे मय स्वामित्व कार्ड वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा के मुख्य आतिथ्य आयोजित हुआ।

ग्राउंड फ्लोर में आग, परिवार दूसरी मंजिल पर सोता रहा

मकराना, (निस)। मकान के ग्राउंड फ्लोर में आग लग गई और परिवार दूसरी मंजिल पर सोता रहा। शनिवार सुबह उठने पर घटना का पता। आग से मकान में रखा सामान जल गया।

हादसा मकराना में राजकीय माध्यमिक विद्यालय नंबर एक राजौराबास बर्फ फैक्ट्री के पास शुक्रवार रात को हुआ। मकान मालिक हरीश मोहनानी (40) ने बताया कि वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ फर्स्ट फ्लोर पर सो रहे थे। सुबह जागने पर उन्होंने देखा कि बरामदे की दीवारें काली पड़ गई थीं और हल्का धुआं फैला हुआ था। जब वे नीचे गए तो देखा कि ग्राउंड फ्लोर पर रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग में उनकी नई टीवीएस आईक्यूब स्कूटी, फ्रिज, इन्वर्टर सिस्टम, वाशिंग मशीन और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। आग की चपेट में आने से मकान की दीवारों और प्लास्टर को भी नुकसान पहुंचा है, साथ ही मार्बल का फर्श भी फट गया है।

हरीश के अनुसार कुल मिलाकर करीब 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। कमरे में परिवार सो रहा था, वहां वेंटिलेशन अच्छा होने की वजह से धुआं नहीं पहुंचा, जिससे उनकी जान बच गई।शनिवार दोपहर लिखे जाने तक इस घटना की कोई पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी।

हालांकि मोहल्ले के लोगों ने घटना की जानकारी मिलते ही प्रभावित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और मदद का आश्वासन दिया।

लोगों को जागरूक किया

अजमेर, (कासं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा घूघरा, काजीपुरा, हाथीखेड़ा और दौराई क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर संस्था के कार्यकारी अधिकारी, डॉ. एस. एन. शर्मा के निर्देशन में बच्चों और उनके माता-पिता को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में समझाया गया।

कार्यालय नगर परिषद पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

क्रमांक - न.प.पु/भूमि/2024/3518 **उजरदारी सूचना** दिनांक : 3.1.2025

एतद्वद्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा नामान्तरण/69-क/90-क/लीज होल्ड/ ली ज डीड पट्टे हेतु आवेदन पेश किया है। अत: आवेदक के बख्शीशशुदा/खरीदशुदा सम्पति हक हकूक एवं मालिकाना स्वामित्व संबंधी किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में अपनी आपति मय प्रमाण प्रस्तुत करें। आपति समयावधि बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगी तथा परिषद् द्वारा नियमानुसार नामान्तरण / 69-क/90-क/लीज होल्ड/ लीज डीड पट्टे की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके बाद में कोई आपति / उजर मान्य नहीं होगा। विवरण निम्नानुसार है -

क. सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति	स्थान जहां सम्पति स्थित है	चतुर्थ सीमा	क्षेत्रफल
1.	श्री शिव प्रकाश सामरिया पुत्र स्व. श्री जगदीश प्रसाद सामरिया	कालों का मोहल्ला, बडी बस्ती पुष्कर	पूर्व: श्री प्रदीप कुमार आचार्य पश्चिम : रोड उत्तर :- चौक दक्षिण: इसी जायदाद का भाग रेखा सामरिया	44.44 वर्गगज

आयुक्त, नगर परिषद पुष्कर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार वैम्बे) योजना के आवासीय / व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 157 क्षेत्रफल 40 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति (1) श्री राजेन्द्र प्रसाद जाजोरिया पुत्र श्री किशनलाल जाजोरिया (2) श्रीमती विद्या पत्नि श्री राजेन्द्र प्रसाद जाजोरिया निवासी (दोनों) 994/6 मलूसर रोड, शांतिनगर अजमेर में से श्रीमती विद्या पत्नि श्री राजेन्द्र प्रसाद जाजोरिया की मृत्यु दिनांक 11/08/2009 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमश: (1) कामेश जाजोरिया पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद जाजोरिया निवासी अजमेर (2) सुश्री दिव्या जाजोरिया पुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद जाजोरिया निवासी अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री राजेन्द्र प्रसाद जाजोरिया पुत्र श्री किशनलाल जाजोरिया निवासी 994/6 मलूसर रोड, शांतिनगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग दिनांक 16/01/2025 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

सभी आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार कम्पनी सहज फैशन्स लिमिटेड, अजमेर के कार्यकारी अध्यक्ष श्री रोहित तोषनीवाल के अधीनस्थ कर्मचारी श्री लक्ष्मण चौधरी पुत्र श्री रामधन जाट, निवासी - मालपुरा, टोंक जो कि रोहित तोषनीवाल के अधीनस्थ कार्य करता है एवं उसके द्वारा कम्पनी से सम्बन्धित एवं निजी सभी बैंकों आदि के कार्य किये जाते हैं एवं श्री लक्ष्मण चौधरी का प्रतिदिन अजमेर से किशनगढ़ श्री रोहित तोषनीवाल के ऑफिस आना जाना लगा रहता है एवं इसी क्रम में दिनांक 14.01.2025 को लक्ष्मण चौधरी किशनगढ़ से अजमरे लगभग 18.20 बजे राजस्थान रोड़वेज की बस संख्या आर.जे. 13 पी.ए. 8827 से आ रहा था एवं उसके बैग में उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं कम्पनी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री रोहित तोषनीवाल द्वारा हस्ताक्षरित खाली चैक संख्या 777052, 777053, 777054, 777055, 777056 कुल 05 चैक जो कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा भीलवाड़ा में संचालित खाता संख्या 41753389389 के थे, एवं साथ ही तोषनीवाल कॉर्पोरेशन के एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. किशनगढ़ में संचालित खाता संख्या 50200032407933 के पार्टनर श्री नितिन तोषनीवाल के हस्ताक्षरित खाली चैक संख्या 000014, 000015, 000016, 000017, 000018 कुल 05 चैक तथा फर्म सहज कॉर्पोरेशन के ए.यू. स्मॉल फाईनेन्स बैंक लि. मदनगंज किशनगढ़ में संचालित खाता संख्या 1821222419333215 के पार्टनर नितिन तोषनीवाल के हस्ताक्षरित खाली चैक संख्या 000008, 000009, 000010 कुल 03 चैक थे, वे सभी दस्तावेज मय बैग के राजस्थान रोडवेज परिवहन निगम की बस में ही सीट पर रह गये जिसका पता चलते ही लक्ष्मण चौधरी द्वारा खोजबीन की गयी तो न तो बैग मिला, न ही राजस्थान रोडवेज परिवहन की बस, बस स्टैण्ड पर मौजूद थी एवं लगातार एक-दो दिन तलाश करने के उपरान्त भी बैग नहीं मिला है एवं मेरे पक्षकार को यह आशंका है कि खाली हस्ताक्षरित चैकों का दुरूपयोग किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है, इसलिये उक्त आम सूचना प्रकाशित करवायी जा रही है।

(दिलीप शर्मा) एडवोकेट